मधुबन, की लताओं में, मेरे श्याम नज़र आए

मधुबन की लताओं में
================
धुन- होंठो को छूह लेने दो

मधुबन, की लताओं में, मेरे श्याम नज़र आए ॥
मेरे, श्याम नज़र आए, घन-श्याम नज़र आए ।
देखो, रास रचाते हुए, मेरे श्याम नज़र आए ।
मधुबन, की लताओं में...

टेढ़े से, खड़े मोहन, टेढ़ा सा, मुकुट तेरा ।
वहाँ, बंसी बजाते हुए, मेरे श्याम नज़र आए ।
मधुबन, की लताओं में...

यहाँ, अम्बुया की डाली हो, वहाँ राधा प्यारी हो ।
वहाँ, झूला झूलाते हुए, मेरे श्याम नज़र आए ।
मधुबन, की लताओं में...

वृंदावन, गलियाँ हो, वहॉं सुंदर सखियाँ हो ।
वहाँ, रास रचाते हुए, मेरे श्याम नज़र आए ।
मधुबन, की लताओं में...

यमुना, का किनारा हो, निर्मल, जल धारा हो ।
वहाँ, गऊएँ चराते हुए, मेरे श्याम नज़र आए ।
मधुबन, की लताओं में...

मैं, गृहस्थ अवस्था हूँ, तुम सामने हो मेरे ।
सो जाऊँ तो, सपने में, मेरे श्याम नज़र आए ।
मधुबन, की लताओं में...
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33797/title/madhuvan-ki-lataoein-mein-mujhe-shyam-nazar-aaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |